वेब चैनल
यूट्यूब न्यूज
1 लाख लोग

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

सफलता पूर्वक साल 5

वर्ष.- 6 अंक . 95 Reg no-4-000-1393 www.politelive.com धनबाद, रविवार, 26 जनवरी 2025



A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025 - 2026
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO STD. 9 & 11
SCIENCE, COMMERCE & ARTS
9470585217, 9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD


# सरायढेला निवासी सेना अधिकारी सहित तीन की महा कुम्भ से लौटने समय हाई वे पर सड़क दुर्घटना मे मौत, इलाके में मातम

पोलिट लाइव रिपोर्टर



**धनबाद :** सरायढेला स्थित खरनागढ़ा के रहने वाले सेना के अधिकारी शिवजी सिंह अपने परिवार के साथ महाकुंभ में स्नान कर वापस धनबाद लौट रहे थे। इसी दौरान कार शनिवार सुबह वाराणसी-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर छोटी खजूरी इलाके में सड़क हादसा हुई। हादसे में उनकी पत्नी और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, वही घटना की सूचना उनके परिवार वालों को दे दी गई है। सूचना पाकर परिवार वाले मौके के लिए निकल चुके है। धनबाद के खरनागढ़ा निवासी सैनिक शिवजी सिंह असम में तैनात थे। 17 जनवरी को अवकाश पर घर आए थे। शिवजी सिंह ने परिवार के साथ प्रयागराज कुंभ स्नान और वाराणसी काशी विश्वनाथ के दर्शन का कार्यक्रम बनाया। 24 जनवरी को परिवार ने कुंभ स्नान किया और 25 जनवरी को वाराणसी रवाना हुए। मिजार्मुराद क्षेत्र के साधू कुटिया के पास हाईवे किनारे एक डंफर खड़ा था, जिसमें शिवजी सिंह की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर जा घुसी। सड़क हादसे में परिवार के तीन सदस्यों की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि छुट्टी खत्म होने पर सेना के अधिकारी शिवजी सिंह चार दिन पूर्व लेह लद्दाख के लिए निकल गये थे। लेकिन फ्लाइट कैंसिल होने के कारण वह धनबाद लौट आये थे। धनबाद आने के बाद परिवार के सदस्यों ने महाकुंभ स्नान का प्रोग्राम बनाया और उसी दिन कार से निकल गये।













# डकैती की वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे अपराधी,पुलिस ने हथियार समेत दबोचा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** जिला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. डकैती की घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे तीन अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इनके पास पिस्टल, गोली व अपराध में इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य सामान भी पुलिस ने बरामद किए हैं. एसएसपी एचपी जनार्दनन ने क्राइम मीटिंग में नाइट पेट्रोलिंग तेज करने के निर्देश दिया था.

नाइट पेट्रोलिंग के दौरान बरवाअड्डा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. जिले में डकैती की घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे तीन शातिर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. सभी को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के समीप से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक रॉड, एक देसी कट्टा, गोली समेत अन्य सामान बरामद किया गया है. साथ ही पुलिस ने आरोपियों का एक स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया है.गिरफ्तारी को लेकर जानकारी देते सिटी एसपी अजीत कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए तीनों कुख्यात अपराधी हैं. गिरफ्तार सभी अपराधी डकैती के अलावे वाहन चोरी और मवेशी चोरी की घटना में संलिप्त रहे हैं. ये लोग एक गिरोह का हिस्सा हैं. धनबाद के अलावे देवघर, गिरिडीह और जामताड़ा में यह आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया करते थे.एसपी ने कहा कि सभी अपराधी जामताड़ा जिले के नारायणपुर के रहने वाले हैं. इनके विरुद्ध कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं. उन्होंने बताया कि पुलिस इनके गिरोह के अन्य साथियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है. जिले में कई स्थानों पर डकैती की वारदात को अंजाम देने की इनकी मंशा थी. लेकिन पुलिस ने इनको कामयाब नहीं होने दिया. उन्होंने बताया कि एसएसपी ने पूरी टीम को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है.

### ऐसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस गस्ती के क्रम में मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम से मेमको जाने वाले रास्ते में सूनसान जगह पर संदिग्ध अवस्था में स्कार्पियो गाड़ी देखी. गाड़ी खड़ी देखकर जब पुलिस द्वारा पूछताछ करने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम को देखकर उक्त गाड़ी के चालक द्वारा काफी तेजी से गाड़ी को भगाया जाने लगा. पुलिस टीम द्वारा गाड़ी चालक की संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए उसका पीछा किया गया. स्कार्पियो चालक द्वारा कुमीर्डीह गोलंबर के पास बने स्पीड ब्रेकर को भी काफी तेजी से पार किया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई.

गाड़ी पलटने के पश्चात तीन लोगों को पुलिस द्वारा मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे. तलाशी के क्रम में गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से 1 देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, 2 मोबाइल और चोरी-डकैती हेतु ताला ग्रिल को तोड़ने, काटने में प्रयुक्त सामग्री तथा एक स्कार्पियो वाहन बरामद किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में डकैती के लिए योजना बनाने की बात स्वीकार की है.

# कार्मल स्कूल के 12वीं की छात्रा को 11वीं की छात्रा ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ दी विदाई

**धनबाद :** कार्मल स्कूल धनबाद की 12वीं की छात्रा को 11वीं की छात्रा ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ विदाई दी। विदाई समारोह की आयोजन में मैनेजर एवं सुपीरियर सिस्टर श्रेया,प्राचार्या महोदया सिस्टर सिल्वी,उप प्राचार्या सिस्टर एलसी जोसेफ,प्राइमरी कोऑर्डिनेटर एवं कम्युनिटी कॉलेज की कोऑर्डिनेटर सिस्टर अमला उपस्थित थी।सभी सिस्टर एवं कक्षा 11वीं की क्लास टीचर मिस अनुराधा, मिस सुभाश्री एवं मिस प्रीति की दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय की सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं उपस्थित थे। लगभग 12वीं की 72 छात्राओं को 11वीं की छात्राओं के तरफ से हैंपर विथ टाइटल एवं विद्यालय प्रबंधन के तरफ से उपहार दिया गया।कार्यक्रम की शुरूआत अंजना और ख्वाइश झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा के साथ हुई। कार्यक्रम मे प्रार्थना नृत्य, सांस्कृतिक नृत्य, नाटक, विदाई गीत, एवं फिनाले डांस हुआ जो काफी मनोरंजक हुआ। कार्यक्रम में रैंप वॉक रखा गया जिसे तीन समूह मे बांटा गया। उसमें से चयनित छात्राएं समूह 2 टैलेंट हंट में गई।उससे चयनित छात्राएं समूह 3 में गई जो प्रश्न उत्तर राउंड था इससे तीन छात्राएं चयनित हुई जिसे मिस कार्मल, फर्स्ट रनर अप और सेकंड रनर अप बनी।इसमें निर्णायकगण श्रीमती अमृत संधु और श्रीमती सोनम जुनेजा रहीं जिन्हें प्राचार्या महोदया ने पौधा देकर सम्मानित किया। प्राचार्या महोदया सिस्टर सिल्वी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत करें। इस जीवन मे जहां भी जाएं आप कार्मल के मूल्यों को बढ़ाएं।उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी और कार्मेल द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दीं। कार्यक्रम का शीर्षक टाइम कैप्सूल रखा गया एवं विद्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम संचालित की गई। बारहवीं की छात्रा जैनब जीनत ओर नेहा झा, ख्याति सोनी ने अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। मिस कार्मेल का खिताब शिखा नंदिनी, फर्स्ट रनर अप ओमामा अख्तर और सेकंड रनर अप तनिषा सिन्हा ने जीता। मिस अर्ली बर्ड सृष्टि श्रीवास्तव को मिला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन श्रुति चौधरी के द्वारा दिया गया।

## सिविल सर्जन धनबाद को लीगल नोटिस भेजा गया



**धनबाद :** सिविल सर्जन धनबाद को लीगल नोटिस कांग्रेस के जिला प्रवक्ता बिहारी ने भेजा है इन के घुसखोरी के विषय में धनबाद उपायुक्त को जान कारी 23 जनवरी को दिया गया था, चन्द्र भानू प्रताप सिविल सर्जन धनबाद एवं सजुत जी लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय धनबाद में मिलि भगत से घूस का ट्रांसफर पोस्टिंग के जरिये खेल खेला जा रहा है हेमन्त सरकार की छवि को धुमिल किया जा रहा है जो चिंतजनक और बरदास्त के बाहर है, इस तरह के कार्य से हम को लग रहा है की उक्त सिविल सर्जन और लिपिक द्वारा हेमन्त, सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है जिसे हम कोंग्रेसी सहन नहीं करेगें, इसका विरोध करते रहेंगे.









# जिला प्रशासन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

◆देश भक्ति के गीत व नृत्य - नाटिका ने किया सभी को आकर्षित



धनबाद : गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या जिला प्रशासन द्वारा न्यू टाउन हॉल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के एक से बढ़कर एक प्रस्तुति व नृत्य नाटिका ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड आर्डर श्री पीयूष सिन्हा, डायरेक्टर डीआरडीए श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, एसडीएम श्री राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह व अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित ग्रुप सॉन्ग व ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर श्यामडीह, डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा, के जी बी वी झरिया, के जी बी वी निरसा, के जी बी वी बलियापुर, के जी बी वी तोपचांची, साथी फाउंडेशन, एसएसएलएनटी गर्ल्स हाई स्कूल समेत कई अन्य विभिन्न स्कूल ने अपने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन पर सरस्वती विद्या मंदिर श्यामडीह को प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा को द्वितीय, के जी बी वी झरिया को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा सभी प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं बेहतरीन एंकरिंग के लिए श्री घनश्याम दुबे एवं एमिली बसु को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, एसएसपी श्री हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, एडीएम (विधि व्यवस्था) श्री पीयूष सिन्हा,अपर समाहर्ता श्री बिनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल सिन्हा, डीआरडीए के श्री मनीष कुमार, श्री घनश्याम दुबे के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 'गोल' 2025 के प्रतियोगी छात्रों को प्रेरित करने और सफलता के उद्देश्य से विशेष सेमिनार का किया आयोजन

■ गोल जहां से शुरू होती है नीट इंजीनियरिंग में सफलता की उड़ान- बिपिन सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर



**धनबाद** : मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोयलांचल का सबसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित संस्थान 'गोल' ने 2025 के लिए प्रतियोगी छात्रों को प्रेरित करने और सफलता के रहस्यों को साझा करने के उद्देश्य से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। इस आयोजन में छात्रों को नीट के शेष 90 दिनों एवं इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के प्रभावी तरीकों और अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया।गोल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्री विपिन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 27 वर्षों में गोल ने कोयलांचल से अभूतपूर्व परिणाम हासिल किया हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का विश्वास और गोल की समर्पित टीम का योगदान ही संस्थान की सफलता का आधार है। उन्होंने छात्रों को हर विषय पर मजबूत पकड़ बनाने के व्यावहारिक तरीके साझा किए, जिसे आत्मसात कर साधारण छात्र भी असाधारण सफलता हासिल करते रहे हैं। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक श्री संजय आनंद ने गर्वपूर्वक कहा कि संस्थान के मार्गदर्शन में अब तक 17,000 से अधिक छात्र डॉक्टर बन चुके हैं और देश-विदेश में मानवता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि गोल के छात्र 2025 के नीट परीक्षा में झारखंड और बिहार में फिर से शीर्ष स्थान हासिल करेंगे। श्री आनंद ने छात्रों से अपील की कि वे एक भी कक्षा या टेस्ट न छोड़ें और किसी भी समस्या का समाधान पाने के लिए बेझिझक संस्थान से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समय प्रबंधन, और सही दिशा-निर्देश का पालन सफलता की कुंजी है।

सेमिनार में उपस्थित छात्रों के चेहरे पर जोश और उत्साह साफ झलक रहा था। गोल के अनुशासित और प्रेरक माहौल से वे बेहद प्रसन्न और आश्वस्त दिखे। यह आयोजन न केवल उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरणादायक था, बल्कि उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग भी दिखा गया।












# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह को लेकर हुआ परेड का पूर्वाभ्यास





◆उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया परेड के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** गोल्फ ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर आज परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा और वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न प्लाटून ने आकर्षक एवं भव्य परेड का स्वरूप प्रदर्शित किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पुलिस जवानों की ओर से परेड की तैयारियां बेहतर तरीके से की गई है। परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटियां न रहे, इसके लिए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक ने परेड में भाग लेने वाले प्लाटून का हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी टुकड़ियों को पूरे स्वाभिमान व गर्व के साथ परेड में भाग लेने की सीख दी। गोल्फ ग्राउंड में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, एसडीएम श्री राजेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री सुनिल कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहें।

# मंत्री, उपायुक्त एवं एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना

पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार धनबाद जिला पहुँचे। सर्किट हाउस पहुँचने पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं एसएसपी श्री एच.पी.जनार्दनन ने पुष्पगुच्छ देकर माननीय मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं एसएसपी श्री एच.पी.जनार्दनन ने सर्किट हाउस परिसर से हरी झंडी दिखाकर श्रम विभाग के कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया। मंत्री श्री



संजय प्रसाद यादव ने कहा कि यह प्रचार रथ धनबाद जिला के सभी प्रखंडों के गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी। उन्होंने अपील किया गया कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग द्वारा संचालित प्रवासी श्रमिक पुनर्वास योजना, बाल श्रमिक, झारखंड असंगठित सामाजिक सुरक्षा योजना, झारखंड भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में लाभुक जागरूक हों और योजनाओं का लाभ ले सके।






# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं को दिलाई निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ

- नए मतदाताओं से की लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की अपील
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समाहरणालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के दौरान लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की प्रतिज्ञा दिलाई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 75 वर्ष के बाद भी हमारे देश ने लोकतांत्रिक मूल्य को सहेज कर रखा है। मतदान के समय पूरे विश्व की नजर भारत पर टिकी रहती है। उन्होंने कहा भारतीय निर्वाचन आयोग का एक ही उद्देश्य है कि मतदान के समय एक भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से छूटे नहीं। हमारे संविधान निमार्ता ने सभी धर्म, जाति, समुदाय, महिला, पुरुष को मतदान करने का समान अधिकार दिया है। उपायुक्त ने कहा कि धनबाद में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं, सभी 2378 मतदान केंद्र के बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर ने अच्छा काम किया है। जिस कारण चुनाव की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण है कि इस बार राज्य झारखंड को चुनाव के लिए बेस्ट परफॉर्मिंग कैटेगरी अवार्ड प्राप्त हुआ है। इसके लिए सभी ने कड़ी मेहनत की है। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम बार वोटर बने गौरी कुमारी, रेशमी कुमारी, अंकित कुमार, निशा कुमारी, शिबेन कुमार सिंह, सृजिता लो, वैष्णवी कुमारी, कुसुम कुमारी, शिवानी कुमारी, पायल कुमारी, प्रेम कुमार एवं ऐशमी सिंह को उनका एपिक कार्ड सौंपा। साथ ही समृद्ध लोकतंत्र की परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करने के लिए युवाओं का आह्वान किया। उन्होंने नए मतदाताओं से कहा कि अपने मतदाता पहचान पत्र का उपयोग केवल आईडेंटिटी कार्ड के रूप में नहीं करें। लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का निर्भीक होकर प्रयोग करें। वहीं 40-धनबाद विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ सुपरवाइजर अशोक कुमार, 41-झरिया विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ सुपरवाइजर दीपक कुमार, 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ सुपरवाइजर बबिता कुमारी, 38-सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ सुपरवाइजर संजय साह, 39-निरसा विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ सुपरवाइजर कृष्णा यादव एवं 42-टुंडी विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ सुपरवाइजर संजय कुमार को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया इस मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, सिटी एसपी श्री अजीत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा, एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, एलआरडीसी श्री मुकेश कुमार महतो, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, डीटीओ श्री दिवाकर सी द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार बाउरी, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।





